दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र
जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू
www.distanceeducationju.in

आंतरिक मूल्यांकन

**स्नातकोत्तर हिंदी, सत्रक– दूसरा, शिक्षण सत्र 2025-27**

**आवश्यक दिशा-निर्देश :-**

1. प्रत्येक कोर्स में से तीन असाइनमेंट बनाना अनिवार्य है। दीर्घ असाइनमेंट की शब्द सीमा 450 से 500, लघु की 80 से 100, अतिलघु की 25 से 35 शब्दों तक रहेगी।
2. असाइनमेंट लिखने के लिए एक लाइन शीट का प्रयोग करें। जब एक असाइनमेंट पूर्ण हो जाए तो पृष्ठ छोड़ दें और अगली असाइनमेंट को नए पृष्ठ से आरम्भ करें।
3. असाइनमेंट हस्तलिखित होनी चाहिए और प्रत्येक पृष्ठ पर विद्यार्थी के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।
4. प्रत्येक कोर्स की अलग फाइल बनाना अनिवार्य है।
5. प्रथम पृष्ठ पर अपना नाम, एनरोलमेंट न., कोर्स संख्या, कोर्स शीर्षक, अपना सम्पर्क न., ई-मेल लिखना अनिवार्य है।
6. असाइनमेंट जमा करने की तिथि **16-2-2026 से 06-3-2026** तक है। अंतिम तिथि के पश्चात् असाइनमेंट स्वीकार नहीं की जाएगी।
7. असाइनमेंट दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र के पी.जी. हिंदी अनुभाग (Hindi Section) में प्रातः 11 बज़े से लेकर शाम 4 बज़े तक जमा होंगी।

**नोट:-** असाइनमेंट के पुनर्मूल्यांकन की अनुमति नहीं है। जो विद्यार्थी तय की गयी तिथि के अनुरूप अपनी असाइनमेंट जमा करवाने में विफल होगा, उसे बाह्य परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

--

Scanned with OKEN Scanner

कोर्स कोड: HIN-201

**शीर्षक: पाश्चात्य काव्यशास्त्र**

कुल अंक : 30

**असाइनमेंट : 1** (10x1= 10)

प्लेटो के अनुकरण सिद्धांत का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

कल्पना की अवधारणा सिद्धांत के माध्यम से कॉलरिज क्या कहते हैं ?

**असाइनमेंट : 2** (5x2= 10)

1. अरस्तु के काव्य सत्य को लेकर किए गए विश्लेष्ण पर प्रकाश डालिए ।

   अथवा

   काव्य-प्रयोजन को लेकर वर्ड्सवर्थ के विचारों को लिखिए।

2. इलियट की 'वस्तुनिष्ठ सहसम्बन्ध' अवधारणा पर प्रकाश डालिए।

   अथवा

   अस्तित्ववाद के प्रमुख सिद्धांतों को लिखिए।

**असाइनमेंट : 3** (2½x4= 10)

1. लोंजाइनस अनुसार उदात्त के पांच साधक तत्त्व कौन-से हैं?
2. मैथ्यु अर्नाल्ड ने अपनी पुस्तक 'संस्कृति और अराजकता' में किस बात पर बल दिया है?
3. रिचडर्स अनुसार सफल सम्प्रेषण-प्रक्रिया हेतु कलाकार में क्या गुण होने चाहिए?
4. 'यथार्थवाद' विषयक प्रेमचंद के मत को स्पष्ट कीजिए।

Scanned with OKEN Scanner

कोर्स कोड: HIN-202

शीर्षक: हिंदी साहित्य का इतिहास : आधुनिक काल

कुल अंक : 30

**असाइनमेंट : 1** (10x1= 10)

आधुनिक काल की पृष्ठभूमि का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

प्रगतिवादी काव्यधारा की प्रमुख प्रवृत्तियों का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

**असाइनमेंट : 2** (5x2= 10)

1. ब्रह्मसमाज की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

   अथवा

   भारतेन्दुयुगीन काव्य में अभिव्यक्त सामाजिक चेतना का विश्लेषण कीजिए।

2. प्रयोगवाद व नयी कविता के सम्बन्ध को विवेचित करें ।

   अथवा

   संस्मरण साहित्य के स्वरूप का विश्लेषण कीजिए।

**असाइनमेंट : 3** (2½x4= 10)

1. गद्य के प्रारम्भिक उन्नायकों का नाम लिखिए।
2. हिंदी साहित्य में द्विवेदीयुगीन कवियों का मुख्य योगदान क्या रहा?
3. छायावादी काव्य की उपलब्धि का उल्लेख कीजिए।
4. आत्मकथा और जीवनी का अंतर स्पष्ट कीजिए।

Scanned with OKEN Scanner

कोर्स कोड: HIN-203

शीर्षक: स्वतन्त्रता पूर्व हिंदी कविता

कुल अंक : 30

**असाइनमेंट : 1** (10x1= 10)

रामकाव्य परम्परा का वर्णन करते हुए साकेत का स्थान निर्धारित कीजिए।

अथवा

कामायनी के महाकाव्यत्व का विश्लेषण करें।

**असाइनमेंट : 2** (5x2= 10)

1. 'साकेत' महाकाव्य का उद्देश्य लिखिए।

   अथवा

   कामायनी में 'जगत' सम्बन्धी दार्शनिकता का उल्लेख कीजिए।

2. सुमित्रानन्दन पंत द्वारा चित्रित 'उद्दीपन रूप में प्रकृति' का वर्णन कीजिए।

   अथवा

   महादेवी वर्मा के काव्य की कोई दो गीति विशेषताएँ लिखिए।

**असाइनमेंट : 3** (2½x4= 10)

1. साकेत में उर्मिला के विरह-वर्णन के अन्तर्गत व्याधि की अवस्था का उल्लेख कीजिए।
2. आचार्य शुक्ल ने कामायनी के रूपक तत्व पर कौन-से दो आक्षेप लगाए हैं?
3. सुमित्रानन्दन पंत की दार्शनिकता को किन शीर्षकों के अंतर्गत विवेचित कर सकते हैं ?
4. महादेवी वर्मा को दुःख के कौन-से दो रूप प्रिय हैं?

Scanned with OKEN Scanner

कोर्स कोड: HIN-204

शीर्षक: स्वतान्त्रयोत्तर हिंदी कविता

कुल अंक : 30

**असाइनमेंट : 1** (10x1= 10)

'कुकुरमुत्ता' कविता की प्रतीक योजना पर प्रकाश डालिए।

अथवा

अज्ञेय की कविता में व्यक्ति और समाज का महत्त्व प्रतिपादित कीजिए।

**असाइनमेंट : 2** (5x2= 10)

1. निराला के काव्य में व्यक्त नारी की महानता व पवित्रता को स्पष्ट करें।

   अथवा

   अज्ञेय की 'नदी के द्वीप' कविता के शिल्प-सौन्दर्य का वर्णन कीजिए ।

2. धूमिल के काव्य में प्रयुक्त प्रतीक-योजना का विश्लेषण करें।

   अथवा

   केदारनाद सिंह की 'नमक' कविता की मूल संवेदना लिखिए।

**असाइनमेंट : 3** (2½x4= 10)

1. निराला की प्रगतिशील विचारधारा को स्पष्ट करें।
2. प्रभाकर माचवे के अनुसार अज्ञेय की कविता पर किस का प्रभाव है?
3. साहित्य में जनवादी दृष्टि क्या है?
4. पाठ्यक्रम में निर्धारित केदारनाथ सिंह की कविताओं के नाम लिखिए।

19.1.26

कार्यक्रम समन्वयक , स्नातकोत्तर हिंदी

दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र

जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू

Scanned with OKEN Scanner